# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- गृह मंत्री अमित शाह ने असम में एक हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
- गणत्रंत दिवस परेड में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ता के लिए भारतीय नौसेना को और सर्वश्रेष्ठ झाँकी के लिए महाराष्ट्र को पहला पुरस्कार मिला।
- परिवहन विभाग ने पुराने वाहन विक्रेताओं को चेतावनी दी कि मोटरवाहन अधिनियम का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
- सिप्पीघाट कार्यालय में कल आउटर ए बी एस के रख–रखाव के कारण आउटर फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति निलम्बित रहेगी।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने आज असम के डिब्रूगढ़ में विधानसभा के दूसरे परिसर सहित कुल एक हजार सात सौ पन्द्रह करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता यूरोपीय देशों में असम की चाय के निर्यात को बढ़ावा देगा। उन्होंने डिब्रूगढ़ में असम विधानसभा के दूसरे परिसर के निर्माण को विशेषकर ऊपरी असम के लोगों के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि ढाई सौ एकड़ भूमि पर इसका शिलान्यास किया गया है। गृह मंत्री ने 106 बीघा में 240 करोड़ रुपये की लागत से बने आधुनिक बहु–विषयक खेल परिसर के प्रथम चरण का लोकार्पण किया तथा 209 करोड़ रुपये की लागत वाले द्वितीय चरण का शिलान्यास भी किया।

<><><><><><><>

केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आज नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड 2026 के सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ता और सर्वश्रेष्ठ झांकी पुरस्कार प्रदान किए। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की झांकी श्रेणी में, महाराष्ट्र को गणेशोत्सवः आत्मनिर्भरता का प्रतीक के लिए सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार मिला। इसके बाद

जम्मू कश्मीर तथा केरल का स्थान रहा। तीनों सेनाओं में, भारतीय नौसेना को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते का पुरस्कार मिला।

<><><><><><><>

राष्ट्र आज महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि और शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। प्रतिवर्ष 30 जनवरी को पूरा देश महात्मा गांधी के जीवन और विरासत को याद करता है, जो देश के स्वतंत्रता संग्राम के मार्गदर्शक थे। इस दिन को शहीदी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गांधी जी ने स्वदेशी पर हमेशा विशेष बल दिया, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का एक मूलभूत स्तंभ है।

<><><><><><><>

डाक विभाग द्वारा युवाओं के लिए यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन श्री विजयपुरम में दस मार्च को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का विषय '**डिजीटल दुनिया में मानवीय सम्पर्क क्यों जरूरी हैं**' रखा गया है। नौ से पन्द्रह वर्ष आयुवर्ग के बच्चे इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। इच्छुक प्रतिभागी डाकघर उपअधीक्षक, डाकघर प्रभारी, डाक महानिरीक्षक कार्यालय श्री विजयपुरम को आवेदन कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि पांच मार्च है। प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए प्रतिभागी डाक महालेखाकार कार्यालय श्री विजयपुरम में अथवा 03192–232346 पर सम्पर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

युवा शिक्षार्थियों में पढ़ने के प्रति रूचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य पुस्तकालय में आज दोपहर गाराचरमा स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय में अपने दूसरे टेन्ट पुस्तकालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप–शिक्षा निदेशक अर्चना सिंह उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बच्चों द्वारा किए गए कठपुतली प्रदर्शन ने दर्शकों में पुस्तकों के प्रति जागरूकता का प्रसार किया।

<><><><><><><>

परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई पुराने वाहन विक्रेता अनिवार्य डीलर प्राधिकरण प्रामाणपत्र के बिना ही कारोबार कर रहे है। जिसके कारण वाहन डेटाबेस में वाहनों के रिकॉर्ड लम्बित हैं।

परिवहन विभाग ने ऐसे सभी व्यक्तियों और प्रतिष्ठानों से कहा है कि पुराने मोटरवाहनों की खरीद–बिक्री की व्यवसाय में वैद्य डीलर प्राधिकरण प्रमाणपत्र प्राप्त किए बिना व्यवसाय संचालित करना केन्द्रीय मोटरवाहन अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। विभाग द्वारा आम जनता से कहा गया है कि बिना पंजीकरण प्राधिकरण प्रमाणपत्र के मोटरवाहन खरीदना व बेचना कानूनी अपराध है।

<><><><><><><>

सिप्पीघाट साइट कार्यालय में ए बी एस के आवश्यक रख–रखाव के कारण नयाशहर डैम कट प्वाइंट पर कल बिजली आपूर्ति निलम्बित रहेगी। जिससे आउटर फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में जोड़ाकनाल, टेलराबाद, गुप्तापाड़ा, मंजरी, बिम्बलिटान, सिप्पीघाट, नयाशहर और मंगलूटान से वन्डूर तक कल बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

सतत्तरवें गणतंत्र दिवस के अवसर पर द्वीप समूह की छात्र सी एच भाग्यलक्ष्मी को युवा एवं खेल मंत्रालय ने नई दिल्ली में आमंत्रित किया था। यह छात्र जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय से बी एस सी कर रही है और इसके साथ ही एन एस एस की स्वयंसेवक है। जेएन आर में ने उनकी इस उपलब्धि पर कहा है कि यह महाविद्यालय के साथ–साथ द्वीप समूह के लिए भी गर्व की बात है।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय ने दक्षिण अंडमान जोन के सरकारी स्कूलों के छात्रों को मोबाइल फोन से दूर रखने के लिए कल से डांस क्लासेस शुरू करने का निर्णय लिया है। ये कक्षाएं सप्ताह में पांच दिन मंगलवार से शनिवार तक श्री विजयपुरम स्थित राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सभागर में आयोजित की जाएंगी। इच्छुक छात्र कल सुबह ग्यारह बजे तक 9434–299–354 पर वाट्सअप के माध्यम से सम्पर्क कर सकते हैं ।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय कुष्ठरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आज अनिम्स के सभागार में एक राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीमारी से प्रभावित रोगियों के साथ जुड़े भेदभावपूर्ण व्यवहार का विरोध करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को कुष्ठरोग दिवस की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एच एम सिद्धाराजू ने वैज्ञानिक तथ्यों को जनमानस तक पहुंचाने की अपील की। इस वर्ष के कुष्ठरोग जागरूकता अभियान का विषय

**‘भेद–भाव का अंत और गरिमा को सुनि”चत करना है’**। कार्यक्रम में ए एन एम स्कूल, नर्सिंग स्कूल की छात्राएं और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

बांग्लादेश में अमरीकी दूतावास ने अगले महीने की 12 तारीख को एक साथ होने वाले संसदीय चुनावों और राष्ट्रीय जनमत संग्रह से पहले, आज एक सुरक्षा परामर्श जारी किया है। परामर्श में, दूतावास ने चेतावनी दी है कि चुनाव अवधि के दौरान राजनीतिक हिंसा या चरमपंथी हमले हो सकते हैं, जिनमें राजनीतिक रैलियों, मतदान केंद्रों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा सकता है। दूतावास ने आगाह किया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी हिंसा में तब्दील हो सकते हैं। अमरीकी नागरिकों को अत्यधिक सतर्क रहने की सलाह देते हुए, दूतावास ने उनसे प्रदर्शनों से बचने और बड़े जमावड़ों से दूर रहने को कहा है।

<><><><><><><>

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में सुनवाई प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के अलावा दूसरे दस्तावेज सौंपने वाले मतदाताओं के नाम अंतिम सूची से हटा दिए जाएंगे। आयोग की सूची के अनुसार अगर इन अधिकारियों के खिलाफ काम में लापरवाही या नियमों के उल्लंघन का साक्ष्य मिलता है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

हरि ओम श्री काली ट्रस्ट द्वारा अड़तालीसवां वार्षिक अग्नि उत्सव एक फरवरी को दोपहर दो बजे के बाद हम्फ्रीगंज के काली मंदिर में श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा।

<><><><><><><>